भाग–(ब)

मद संख्या– 43(3)

विषयः प्राधिकरण का वित्तीय वर्ष 2007–08 का प्रस्तावित आय–व्ययक।

वित्तीय वर्ष 2004–05 से 2006–07 तक वास्तविक आय–व्ययक का विवरण बोर्ड के समक्ष रखा गया तथा वर्ष 2007–08 हेतु प्रस्तावित आय–व्ययक का विवरण भी बोर्ड के विचारार्थ प्रस्तुत किया गया।

उपाध्यक्ष द्वारा अवगत कराया गया कि प्राधिकरण की आय व व्यय के मद में अप्रत्याशित वृद्धि का कारण इन्द्रलोक आवासीय योजना से प्राप्त होने वाली लगभग रू0 122.00 करोड़ की धनराशि है। बोर्ड को यह भी अवगत कराया गया कि इसमें से लगभग रू0 110.00 करोड़ की धनराशि आवेदकों को रिफण्ड की जा चुकी है। उक्त कारण से प्राधिकरण की कुल आय (प्रारम्भिक अवशेष को छोड़कर) रू0 201.58 करोड़ प्रदर्शित की गयी है तथा व्यय रू0 183.90 करोड़ प्रदर्शित किया गया है। वास्तव में इन्द्रलोक आवासीय योजना के राजस्व की धनराशि को पृथक करते हुये प्राधिकरण की कुल आय रू0 68.06 करोड़ होती है तथा कुल व्यय रू0 50.39 करोड़ होता है। बोर्ड को अवगत कराया गया कि इस वित्तीय वर्ष में ट्रांसपोर्ट नगर योजना से लगभग रू0 12.00 करोड़, इन्द्रलोक आवासीय योजना से लगभग रू0 18.00 करोड़ की आय सम्भावित है। प्राधिकरण द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर योजना पर लगभग रू0 11.00 करोड़ तथा इन्द्रलोक आवासीय योजना पर लगभग रू0 5.00 करोड़ व्यय किया जाना प्रस्तावित है।

25.07.2007

Secretary | Vice-Chairman | Chairman/Commissioner